लक्ष्य हासिल करने के लिए हमेशा समर्पित रहें

रांची. आइआइएम रांची में सोमवार को परिचर्चा सत्र का आयोजन हुआ. बतौर अतिथि मोटिवेशनल स्पीकर सह लेखक शिव खेड़ा शामिल हुए. उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के विभिन्न आयामों से परिचय कराया. कहा कि जीवन में लक्ष्य निर्धारण से ज्यादा उसे हासिल करने का लगन और समर्पण जरूरी है. इसे कठिन परिश्रम, त्याग और नैतिक मूल्यों का पालन किए बिना हासिल नहीं किया जा सकता. प्रबंधन क्षेत्र में खुद को विशिष्ट बनाने के लिए लगातार शिक्षा और प्रशिक्षण जरूरी है. अनुभव के साथ कौशल विकास की दिशा में आगे बढ़कर ही सफल हुआ जा सकता है. मौके पर संस्थान के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद थे.

Prabhat Khabar, 17.10.2023, Pg.11